Viram Chinh Class 6 Worksheet

विराम चिह्न वर्कशीट | कक्षा 6 हिंदी व्याकरण

नाम: _____	कक्षा: 6 ( )	दिनांक: _____

प्रश्न 1. निम्नलिखित वाक्यों में आवश्यक स्थानों पर सही विराम चिह्न लगाकर वाक्य दोबारा लिखिए।

1. आपका नाम क्या है

उत्तर:

_____

2. वाह कितना सुंदर दृश्य है

उत्तर:

_____

3. राहुल प्रतिदिन सुबह जल्दी उठकर व्यायाम करता है

उत्तर:

_____

4. मैंने बाज़ार से सेब संतरा केला और अनार खरीदे

उत्तर:

_____

5. सूरज डूब गया पक्षी अपने घोंसलों में लौट आए

उत्तर:

_____

cbseclassworksheets.com

6. पाठ में तीन पात्र हैं रामू श्यामू और गीता

उत्तर:

_____

7. शिक्षक ने कहा परिश्रम सफलता की कुंजी है

उत्तर:

_____

8. भाई बहन का प्यार अनमोल होता है

उत्तर:

_____

9. पंडित नेहरू भारत के प्रथम प्रधानमंत्री बच्चों में चाचा नेहरू के नाम से प्रसिद्ध थे

उत्तर:

_____

10. मैंने कल पंचतंत्र नामक पुस्तक पढ़ी

उत्तर:

_____

cbseclassworksheets.com

प्रश्न 2. स्तंभ 'अ' के विराम चिह्नों का मिलान स्तंभ 'ब' में दिए गए उनके नामों से कीजिए। उत्तर तालिका में अक्षर लिखिए।

क्र.	स्तंभ 'अ' (चिह्न)	उत्तर	अक्षर	स्तंभ 'ब' (नाम)
1	।		क	कोष्ठक
2	,		ख	उप विराम
3	;		ग	प्रश्नवाचक चिह्न
4	:		घ	योजक चिह्न
5	?		च	पूर्ण विराम
6	!		छ	हंसपद
7	' '		ज	दोहरा उद्धरण चिह्न
8	" "		झ	अर्ध विराम
9	-		ट	निर्देशक चिह्न
10	–		ठ	अल्प विराम
11	( )		ड	विस्मयादिबोधक चिह्न
12	^		ढ	इकहरा उद्धरण चिह्न

cbseclassworksheets.com

उत्तर-कुंजी (Answer Key)

प्रश्न 1 के उत्तर

1. आपका नाम क्या है?
2. वाह! कितना सुंदर दृश्य है! (अंत में '।' भी मान्य)
3. राहुल प्रतिदिन सुबह जल्दी उठकर व्यायाम करता है।
4. मैंने बाज़ार से सेब, संतरा, केला और अनार खरीदे।
5. सूरज डूब गया; पक्षी अपने घोंसलों में लौट आए।
6. पाठ में तीन पात्र हैं: रामू, श्यामू और गीता।
7. शिक्षक ने कहा, "परिश्रम सफलता की कुंजी है।"
8. भाई-बहन का प्यार अनमोल होता है।
9. पंडित नेहरू (भारत के प्रथम प्रधानमंत्री) बच्चों में चाचा नेहरू के नाम से प्रसिद्ध थे।
10. मैंने कल 'पंचतंत्र' नामक पुस्तक पढ़ी।

प्रश्न 2 के उत्तर

क्र.	चिह्न	उत्तर	नाम
1	।	च	पूर्ण विराम
2	,	ठ	अल्प विराम
3	;	झ	अर्ध विराम
4	:	ख	उप विराम
5	?	ग	प्रश्नवाचक चिह्न
6	!	ड	विस्मयादिबोधक चिह्न
7	‘ ’	ढ	इकहरा उद्धरण चिह्न
8	“ ”	ज	दोहरा उद्धरण चिह्न
9	-	घ	योजक चिह्न
10	–	ट	निर्देशक चिह्न
11	( )	क	कोष्ठक
12	^	छ	हंसपद

cbseclassworksheets.com